भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2485
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 13 दिसंबर, 2021
22 अग्रहायण, 1943 (शक)

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारकों से अर्जित राजस्व

2485. श्री राजकुमार चाहर:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा गत पांच वर्षों के दौरान आगरा में संरक्षित स्मारकों से हुई टिकटों की बिक्री से अर्जित धनराशि का वर्ष-वार और स्मारक-वार ब्यौरा क्या है और उक्त स्मारकों के संरक्षण पर खर्च की गई तदनुरूप धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि आगरा में संरक्षित स्मारकों का परिवेश आमतौर पर गंदा रहता है;
(ग) क्या सरकार अथवा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा एएसआई के आगरा सर्कल की स्मारकों के परिवेश में स्वच्छता सुनिश्चित करने के कोई प्रयास किए जा रहे हैं; और
(घ) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि आगरा में संरक्षित अधिकतर स्मारकों के पास पार्किंग सुविधा नहीं है और क्या सरकार ने प्रत्येक स्मारक के लिए पार्किंग सुविधा प्रदान करने हेतु कोई प्रयास किया है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : आगरा में केंद्रीय संरक्षित टिकट वाले स्मारकों में प्रवेश शुल्क से एकत्रित वर्ष-वार तथा स्मारक-वार धनराशि तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान इन स्मारकों के संरक्षण और परिरक्षण पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।
(ख) और (ग) : स्मारक के चारों ओर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के स्वामित्व वाले क्षेत्रों की आउटसोर्स स्टॉफ की मदद से नियमित रूप से सफाई की जाती है।
(घ) : आगरा के टिकट वाले स्मारकों नामतः (i) ताज महल, (ii) आगरा किला, (iii) अकबर का मकबरा, (iv) मरियम का मकबरा, (v) राम बाग, (vi) फतेहपुर सीकरी, (vii) महताब बाग और (viii) झुन-झुन कटोरा में पर्यटकों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 13.12.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2485 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

पिछले पांच वर्षों के दौरान आगरा में केंद्रीय संरक्षित टिकट वाले स्मारकों पर प्रवेश शुल्क से प्राप्त राजस्व और उन स्मारकों के संरक्षण और परिरक्षण पर खर्च की गई राशि

(रुपए में)

क्रम सं.	स्मारक	वित्तीय वर्ष 2016-17	वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2018-19	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्त वर्ष 2020-21
1	**आगरा का किला**					
	(क) राजस्व	27,46,56,590	30,55,72,080	34,47,78,635	28,94,04,195	1,30,58,070
	(ख) व्यय	77,32,752	65,20,764	40,04,571	2,00,08,405	2,02,43,191
2	**अकबर का मकबरा, सिकंदरा**					
	(क) राजस्व	1,07,56,230	1,08,22,340	1,38,06,235	1,12,31,970	19,01,910
	(ख) व्यय	9,49,797	13,90,268	12,94,005	35,37,098	40,83,279
3	**फतेहपुर सीकरी**					
	(क) राजस्व	7,59,03,279	19,04,11,700	11,98,16,630	9,99,08,376	36,05,625
	(ख) व्यय	1,31,60,161	90,02,764	17,14,404	2,31,54,711	1,34,18,993
4	**इतिमाद-उद-दौला का मकबरा**					
	(क) राजस्व	1,40,81,280	2,00,33,905	2,99,02,985	2,65,33,925	8,34,830
	(ख) व्यय	7,42,672	33,27,920	41,01,785	32,32,647	17,91,749
5	**मरियम का मकबरा, सिकंदरा**					
	(क) राजस्व	7,60,610	4,91,400	8,00,590	6,78,310	1,90,040
	(ख) व्यय	2,58,372	3,43,344	3,97,596	6,37,295	6,16,634
6	**मेहताब बाग**					
	(क) राजस्व	1,10,07,335	1,64,94,930	2,70,39,270	2,25,59,161	12,19,990
	(ख) व्यय	22,30,815	28,83,523	22,30,757	30,83,847	27,90,730
7	**राम बाग**					
	(क) राजस्व	12,25,570	10,70,115	19,06,900	22,60,470	3,62,420
	(ख) व्यय	4,16,487	8,97,712	,943,575	9,73,227	12,55,876
8	**ताज महल**					
	(क) राजस्व	49,67,89,740	56,83,06,551	81,95,46,355	1,06,82,88,915	11,29,07,675
	(ख) व्यय	2,13,70,652	1,34,59,906	1,28,34,849	2,63,31,676	1,47,78,076

*****